प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को किया संबोधित : कहा– छठ महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच गहरी एकता का प्रतीक, व्रती महिलाओं की भक्ति को बताया प्रेरणादायी।
2. प्रधानमंत्री ने जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह के प्रति जताई खुशी।
3. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गाजियाबाद में यशोदा मेडिसिटी का किया उद्घाटन : कहा– अच्छे स्वास्थ्य संस्थान, स्वस्थ और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में निभा सकते हैं महती भूमिका।
4. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गढ़मुक्तेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों का लिया जायजा : अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश। और
5. प्रदेशभर में छठ महापर्व के दूसरे दिन आज पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है खरना।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि छठ महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतीक है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने कहा कि समाज का प्रत्येक वर्ग छठ घाटों पर

एक साथ आकर भारत की सामाजिक एकता की सुंदर मिसाल पेश करता है। बाइट.....

*छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतिबिंब है। छठ के घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है। मैं छठी मैया को नमन करता हूँ। सभी देशवासियों को, विशेषकर बिहार, झारखंड और पूर्वांचल के लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनाएँ देता हूँ।*

प्रधानमंत्री ने वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह पर खुशी व्यक्त की। बाइट.....

*जीएसटी बचत उत्सव को लेकर भी लोगों में बहुत उत्साह है। इस बार त्योहारों में एक और सुखद बात देखने को मिली। बाजारों में स्वदेशी सामानों की खरीदारी जबरदस्त तरीके से बढ़ी है। मैंने अपने पत्र में खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी करने का भी आग्रह किया था, इस पर भी लोगों ने बहुत सकारात्मक रुख दिखाया है।*

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। श्री मोदी ने कहा कि इस अवसर पर हर साल गुजरात के एकता नगर में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास विशेष समारोह आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने सभी से रन फॉर यूनिटी में भाग लेने का आग्रह किया। बाइट.....

*रन फॉर यूनिटी में आप भी जरूर शामिल हों – और अकेले नहीं सब को साथ लेकर के शामिल हों । एक प्रकार से युवा चेतना का ये अवसर बनना चाहिए एकता की दौड़, एकता को मजबूती देगी। ये उस महान विभूति के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने भारत को एकता के सूत्र में पिरोया था ।*

प्रधानमंत्री ने भारत के राष्ट्रीय गीत–वंदे मातरम की चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह देशभक्ति शब्दों से परे एक भावना है। श्री मोदी ने सभी से वंदे मातरम के महिमामंडन

के लिए प्रयास करने और हैशटैग वंदेमातरम 150 के साथ सुझाव भेजने का आग्रह किया।

———————

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के प्रति प्रदेशभर में लोगों में खासा उत्साह देखा गया। राजधानी लखनऊ, वाराणसी, कौशाम्बी, हापुड़, मेरठ सहित अन्य जिलों में प्रधानमंत्री श्री मोदी के विचारों को सुना और सराहा गया। अमरोहा में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विशेष रूप से मन की बात कार्यक्रम की सराहना की और उसे ज्ञानवर्धक बताया।

———————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि निजी क्षेत्र के अच्छे स्वास्थ्य संस्थान, स्वस्थ और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। राष्ट्रपति ने आज गाजियाबाद के इंदिरापुरम में यशोदा मेडिसिटी अस्पताल का शुभारम्भ करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा राष्ट्र–निर्माण का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा देश भर में स्वास्थ्य–चिकित्सा संबंधी बुनियादी ढांचे, संस्थानों और सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने 12 सौ बेड के अत्याधुनिक अस्पताल का दौरा कर आधुनिक उपकरण और बेहतर इलाज सुविधाओं का निरीक्षण भो किया। उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, यशोदा मेडिसिटी अस्पताल के अध्यक्ष पी.एन. अरोड़ा सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथा ने आज हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले पारम्परिक कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों का जायजा लिया। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में श्री योगी ने श्रद्धालुओं को सभी तरह की जरूरी सुविधाएं देने और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था के निर्देश दिये। श्री योगी ने गंगा तट और घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाने और गढ़मुक्तेश्वर तथा तिगरी मेले को जोड़कर एक प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश भी दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मेला और गंगा क्षेत्र का हवाई निरीक्षण भी किया।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

लोक आस्था और सूर्योपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व का आज दूसरा दिन है। छठ कल नहाय–खाय के साथ शुरू हुआ था। आज दूसरे दिन खरना पूजन के साथ महिलाओं ने छत्तीस घंटे का निर्जला उपवास शुरू कर दिया है। कल अस्ताचलगामी और मंगलवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ यह महापर्व सम्पन्न हो जायेगा। एक रिपोर्ट......

*छठ महापर्व को लेकर पूर्वांचल सहित कुशीनगर जिले में उत्साह चरम पर है। बाजारों में पूजा के सामान और नए कपड़े खरीदने के लिए भारी भीड़ है। छठ महापर्व कल से ही नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। छठव्रती आज शाम को खरना पूजन कर रही हैं, जिसमें छठ माता को रसियाव खीर भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण करेंगी। इसके बाद छत्तीस घण्टे का निर्जला व्रत रहते हुए कल शाम को डूबते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगी तथा पुनः मंगलवार की प्रातः उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर अपना व्रत पूरा करेंगी। विवेक पाण्डेय, आकाशवाणी समाचार, कुशीनगर।*

वाराणसी में भी डाला छठ का उत्साह है। महिलाओं ने गंगा स्नान कर वेदी की पूजा की और दीप जलाया। एक रिपोर्ट.........

*आज खरना के साथ 36 घंटे का व्रत शुरू हो गया है। पर्व शुरू होते ही घरों से लेकर मोहल्लों तक छठ मइया के गीत गूंजने लगे। कल 27 अक्तूबर को अस्ताचलगामी सूर्य को वृति महिलाएं पहला अर्घ्य देंगी और 28 को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत पूर्ण होगा। वाराणसी के समस्त घाटों पर इसके लिए वृहद तैयारी की गई है, जिससे संपूर्ण माहौल भक्तिमय हो गया है। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

——————————

छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही है। रेल मंत्रालय ने बताया है कि अगले तीन दिनों में 9 सौ से ज्यादा विशेष ट्रेनें संचालित की जायेंगी। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिये बिहार और उत्तर प्रदेश के 30 प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त कोच लगाये गये हैं और स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिये मौसम रोधी होल्डिंग एरिया भी बनाये गये हैं।

छठ महापर्व के मद्देनजर लखनऊ में 28 अक्टूबर और कुशीनगर में आगामी सोमवार और मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

———————

नये जीएसटी सुधारों का लाभ समाज के सभी वर्गो को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश में नवरात्रि, धनतेरस, दीपावली और छठ महापर्व के दौरान लोग खरीददारी करके बचत उत्सव मना रहे हैं। लखनऊ के रहने वाले मुकुद मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 सितम्बर को घोषित नये जीएसटी सुधारों को लोगों के लिये फायदेमंद बताया। बाइट.....

*आपने सुना होगा कि जो हमारी भारत सरकार है, उन्होंने अपने जीएसटी दरों को कम कर दिया है। हमारे छठ के जितने भी सामग्रियां होती हैं, उस पर हमें भारी छूट मिल रही है। तो जिससे कि हम यह जरूर कह सकते हैं कि हममें दुगना उत्साह आ गया है इस चीज को लेकर। इसको लेकर जनता के बीच में काफी खुशी का माहौल है।*

—————————

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने एक नवम्बर दो हजार पचीस से एक फरवरी 2026 तक विभिन्न भर्तियों के लिये त्रिमासिक परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके अनुसार वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक की मुख्य परीक्षा 9 नवम्बर को आयोजित की जायेगी। नक्शा–नवीस मानचित्रक और आशुलिपिक मुख्य परीक्षा 16 नवम्बर को होगीं। इसी क्रम में कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा 22 नवम्बर और सम्मिलित कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर तृतीय की मुख्य परीक्षा 23 नवम्बर को आयोजित की जायेगी।

—————————

प्रदेश में अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई और अन्य तीन गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। भदोही में एक कार दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। अम्बेडकर नगर जिले में टांडा इलाके के पालीपटी गांव के रहने वाले यह सभी लोग विन्ध्याचल दर्शन कर घर लौट रहे थे। वहीं जौनपुर जिले के रामपुर थाना क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी कार सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गई, जिसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई और अन्य तीन गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को वाराणसी ट्रामा सेंटर भेज दिया गया है।

—————————

प्रदेश में मौसम बदल रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में सक्रिय डबल डिप्रेशन सिस्टम और आज से पहाड़ों पर पहुंचने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम का रूख तेजी से बदल सकता है।

(समाप्त)